1

पाठ्यक्रम आधारित अधिगम उद्देश्य एवं उन्हें प्राप्त करने के चरण

प्रस्तावना

सतत एवं व्यापक आकलन की योजना के अन्तर्गत कक्षावार पाठ्यक्रम के अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष सीखने–सिखाने के चरणों को मुख्य रूप से दो भागों में बाँटा गया है। जिसमें से पहला भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म–1 व 2 के सोपक्ष है तथा दूसरा भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म 3 व 4 के सापेक्ष है। ऐसा इसलिए सोचा गया है कि एक कक्षा के पाठ्यक्रम को चार स्तरों पर सभी विषयों में यांत्रिक रूप से तोड़ पाना व्यावहारिक नहीं होगा। इसलिए दो भागों में विभाजन कक्षा की शुरूआत व आखिरी भाग के रूप में समझकर इसे व्यावहारिक बना सकते हैं। यह विचार व्यावहारिक रूप में सम्भव भी हो पाता है। शिक्षण व आकलन में समग्रता को समाहित करने के लिए पाठ्यक्रम का अधिक भागों में विभाजन अवरोध पैदा करता है।

टर्म–1 एवं 2

घटक/थीम	पाठ्यक्रमणीय उद्देश्य	अधिगम प्राप्ति
हमारा परिवेश एवं संस्कृति	• मेरा परिवार। • परिवार के सदस्यों की विशेषताएँ, कुशलताएँ। • बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता। • रिश्तों की पहचान। • परिवार के सदस्यों से रिश्ते। • वंशवृक्ष की जानकारी। • मित्र कैसे बनते है और उनकी आवश्यकता। • खेल की अवधारणा। • स्थानीय, घरेलू व बाह्य खेलों को समझना। • विद्यालय में खेले जाने वाले खेल। • स्वच्छता, जीवन जीने की कला। • व्यक्तिगत स्वच्छता। • घर और आस–पास की स्वच्छता। • घर एवं आस–पास की सफाई व कचरा निस्तारण में सभी का सहयोग।	• परिवार एवं पारिवारिक रिश्तों के बारे में समझ सकें। • परिवार के बुजुर्ग सदस्यों के प्रति संवेदनशील हो सकें। • मित्र की आवश्यकता को समझ सकें। • खेलों के महत्व को समझ सकें, विद्यालय, बाहरी खेलों में अंतर कर सकें। • प्रमुख खेल एवं उनके नियमों की आरम्भिक समझ बन सके। • घर व बाहर की साफ–सफाई की आवश्यकता को समझ सकें। • स्थानीय संस्थाओं की सफाई में भागीदारी की आरम्भिक समझ। • आस–पास के परिवेश में मौजूद पेड़/पौधों के बारे में अपना अनुभव

घटक/थीम	पाठ्यक्रमणीय उद्देश्य	अधिगम प्राप्ति
	• घर की सजावट। • गाँव/शहर की सफाई में स्थानीय संस्थाओं का सहयोग। • घर व खेत में उगने वाले पेड़–पौधे। • पेड़ व पौधों में अन्तर। पेड–पौधों की विविधता एवं दैनिक जीवन में उपयोग। • पत्तियों में विविधता व पतझड़ के अनुभव। • रेंगने, उड़ने व चलने वाले जन्तु। • कीडे–मकोड़े पर बालकों के विचार को जान सकें। • जीव–जन्तुओं के आवास, भोजन संबंधी आदतें इत्यादि पर बच्चों के अनुभवों को जान सकें।	बता सकें। उनमें अन्तर कर सकें। • पेड़/पौधों के दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में अनुभव बता सकें। • पत्तियों में विविधता को समझ कर अन्तर कर सकें, विविधता के आधार पर वर्गीकरण कर सकें। • परिवेशीय जीव–जन्तुओं में अन्तर समझ सकें। • जीव–जन्तुओं को उनकी विशेषता के आधार पर वर्गीकृत कर सकें। • जीव–जन्तुओं के आवास, भोजन आदि में अन्तर कर सकें।
अनमोल जल	• वर्षा ऋतु का आस–पास के वातावरण पर प्रभाव • इन्द्रधनुष • गाँव/शहर में जल के स्त्रोत एवं जल की उपलब्धता • घर में जल का उपयोग • जल का उपयोग एवं दुरूपयोग • जल की कमी के कारण। • जल को साफ कर सकें • बच्चों की दिनचर्या में जल • वर्षा जल का संग्रहण • पेड़–पौधे एवं जीव–जन्तुओं के लिए पानी।	• पानी की आवश्यकता एवं उपयोग के बारें में समझ बना सकें। • बरसात के समय वातावरण में आने वाले बदलावों को समझ सकें। • जल स्रोत एवं उनकी विविधता को समझ सकें। • जल का दुरूपयोग रोकने में पहल कर सकें। • जल की कमी के कारण होने वाली कठिनाइयों को समझ सकें।
हम और हमारा खान–पान	• भोजन संबंधी सांस्कृतिक विविधता। • भोज्य पदार्थ प्राप्त करने वाले पौधे व जन्तु • राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में खाए जाने वाले भोज्य पदार्थ। • कच्चे व पकाकर खाए जाने वाले भोज्य पदार्थ • भोजन पकाने में काम में आने वाला ईंधन व बरतन • जेण्डर संवेदनशीलता • परिवार में भोजन सम्बन्धी आदतें व पसन्द–नापसन्द • आयु, लिंग व कार्य के अनुसार भोजन • माँ के दूध का महत्त्व	• राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में खाए जाने वाले विशेष भोज्य पदार्थ। • भोजन पकाने के लिए काम आने वाले विभिन्न ईंधनों एवं बर्तनों में विविधता को समझ सकें। • परिवार में लोगों की भोजन करने संबंधी आदतें। • आयु, लिंग और शारीरिक कार्यों के अनुरूप भोजन की आवश्यकता को समझ सकें। • परिवार में भोजन पकाने के कार्य में जेण्डर की भूमिका पर विचार कर सकें।
हमारे गौरव–1	• नागार्जुन • जगदीशचन्द्र बसु • भगिनी निवेदिता • महात्मा गांधी • बरसा मुंडा आदि का देश/समाज में योगदान।	• समाज के विकास में योगदान करने वाले प्रमुख व्यक्तियों के बारे में जान सकें।

टर्म–3 एवं 4

घटक/थीम	पाठ्यक्रमणीय उद्देश्य	अधिगम प्राप्ति
हमारे गौरव–2	• स्वतंत्रता दिवस, दीपावली, ईद, क्रिसमस, महावीर जयन्ती, गुरुनानक जयन्ती, • लोकदेवता – पाबूजी एवं तेजाजी	• प्रमुख राष्ट्रीय पर्व व जयन्तियों के बारें में समझ बना सकें।
हम सबके घर	• घर की आवश्यकता एवं तरह–तरह के घर • घुमन्तु लोगों के घर • जीव–जन्तुओं के आवास • पालतू जानवर एवं उनकी देखभाल • दाएँ–बाएँ की समझ एवं नजरी नक्शा व संकेत	• आस–पास के परिवेश में मौजूद मकानों के प्रकार को समझना, • परिवेशीय जीव–जन्तुओं के आवास की समझ। • आवासों की आवश्यकता, • घर की साफ–सफाई के प्रति सजग होना, • नक्शे की आरंभिक समझ।
हमारे व्यवसाय	• मिट्टी व उसका उपयोग एवं मिट्टी के बर्तन बनाना। • विभिन्न व्यवसाय एवं विभिन्न काम • रूचि के अनुसार किए जाने वाले काम/व्यवसाय • काम के आधार पर काम करने वाले के लिए सम्बोधन • विभिन्न तरह के काम का समय के साथ संबंध • लिंग, आयु के साथ काम का विभाजन, काम और आराम का समय एवं धूम्रपान निषेध।	• आस–पास के व्यवसायों के बारें में जान सकें। • प्रत्येक व्यवसाय की समाज को आवश्यकता है, इसको जान सकें। • कोई भी छोटा या बड़ा नहीं है, इस बात को जान सकें। • व्यवसायों के अन्तर्संबंधों को समझ सकें।
हमारे यातायात एवं संचार के साधन	• यात्रा की आवश्यकता व महत्त्व • यातायात के विभिन्न साधन • स्थानीय व लम्बी दूरी की यात्राओं के लिए उपलब्ध साधन • समय के साथ बदलते यातायात के साधन • पहिये के बारे में जानना। • यातायात के संकेत एवं सड़क सुरक्षा के नियम • संचार के विभिन्न साधन– टेलीविजन, टेलीफोन, मोबाइल व समाचार पत्र, पत्रिकाएँ • मानव के विकास के साथ संचार के साधनों की यात्रा • डाक व्यवस्था, टेलीविजन, टेलीफोन, मोबाइल आदि।	• यात्रा की आवश्यकता व यातायात के विभिन्न साधनों के बारे में जान सकें। • समय के साथ यातायात के साधनों में आए बदलाव को समझ सकें। • यातायात के संकेत एवं सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में समझ सकें। • संचार के विभिन्न साधन जैसे– टेलीविजन, टेलीफोन, मोबाइल व समाचार पत्र आदि के बारे में जान सकें व उनमें अंतर कर सकें।

2

योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

प्रस्तावना

आकलन सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि आकलन के बगैर सीखना–सिखाना संभव नहीं है। अतः इसी विचारधारा के अनुरूप दो प्रकार के आकलनों की बात राज्य सरकार की सतत एवं व्यापक आकलन की स्कीम में की जाती है। जिसमें पहला रचनात्मक आकलन है जो कि सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में अंतर्गुथित है जो कि कक्षा–कक्षीय प्रक्रिया में निरंतर होता रहता है तथा दूसरा योगात्मक आकलन है जो एक निश्चित अवधि के उपरांत बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि का आकलन करता है।

इन दोनों ही प्रकार के आकलनों के लिए एक तार्किक फ्रेमवर्क द्वारा निर्मित व्यवस्था को काम में लिया जाता है तो सीखने–सिखाने को बहुत हद तक उपयुक्त एवं आवश्यक बनाया जा सकता है। इसके लिए आकलन की एक टैक्सॉनामि को काम में लिया जाता है। जिसके अनुरूप तार्किक फ्रेमवर्क (ब्लूप्रिंट) का एक स्वरूप नीचे दिया गया है तथा इस फ्रेमवर्क के अनुसार एक टर्म का लिखित आकलन के लिए योगात्मक आकलन के टूल को भी संरचित किया गया है।

आपको भी इसी तरह योगात्मक आकलन के लिए टूल की संरचना करनी होगी। जिसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का संग्रह (Test Item Pool) आगे दिया गया है। इस संग्रह में अधिगम क्षेत्रवार प्रश्नों के संग्रह को एक टर्म में आए अधिगम क्षेत्रों के सापेक्ष रखा गया है। बुनियादी क्षमताओं के सापेक्ष प्रश्नों के संग्रह को सभी टर्म में नहीं रखा गया है, क्योंकि अनावश्यक दोहरान पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या को ही बढ़ाता। इसलिए यह ध्यान आपको रखना होगा कि आप किस टर्म की या किस कक्षा की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम अपने आकलन टूल में रखना चाहते हैं, उनका चयन उस भाग से कर लिया जाएगा।

प्रथम योगात्मक आकलन (ब्लू प्रिंट)

क्र. सं	आकलन क्षेत्र	याद करना	समझना	अनुप्रयोग करना	विश्लेषण करना	मूल्यांकन करना	रचना करना
1	अवलोकन एवं दर्ज करना	A-1 1					
2	संप्रेषण कौशल	4	A-2 3, 5	A-3 6, 7			
3	वर्गीकरण	4	8				
4	व्याख्या/विश्लेषण	A-5	A-5	9, 10			
5	प्रश्न करना		A-6	11			
6	प्रयोग करना						A-7
कुल प्रश्न		**4**	**6**	**4**	**3**		**1**

नोट : कोष्ठक में लिखा गया नम्बर/संख्या प्रश्न क्रमांक से संबंधित है। A1, A2, A3, A4 क्रमशः गतिविधि 1, 2, 3, 4 से संबंधित है।

3

योगात्मक आकलन हेतु
लिखित आकलन टूल नमूना पत्रक

स्टेट एनिशिएटिव फॉर क्वॉलिटि एज्यूकेशन
प्रथम योगात्मक आकलन

विषय : पर्यावरण अध्ययन | कक्षा : 3

शाला का नाम : ..... रोल नं. : .....

विद्यार्थी का नाम : ..... दिनांक : .....

1. चित्र पहचानकर नाम लिखिए। (याद रखना)

....



....

2. पत्ते के चित्र का सम्बन्धित फल के चित्र से मिलान कीजिए – (विश्लेषण)

पत्ते का चित्र फलों का चित्र



3. नीचे दिये गये चित्र को देखकर इसमे दी गई वस्तुओं की सूची बनाइए। (समझना)

....

....

....

....

4. आपके परिवार में कौन है, उनसे आपका क्या संबध है और क्या क्या काम करते है। उसको तालिका में भरिए। (याद रखना)

क्र.स.	परिवार का सदस्य का नाम	आपसे संबंध	क्या काम करते है।

5. उन खेलों के नाम लिखिए, जिनको गेंद से खेला जाता है (याद रखना)

.....

.....

6. शरीर के साफ–सफाई के लिए आप क्या–क्या करते है? उन कार्यों के नाम लिखिए। (अनुप्रयोग)

.....

.....

7. घर के अन्दर खेले जाने वाले व घर से बाहर खेल जाने वाले खेलों के नाम लिखिए– (याद रखना)

....

8. कुछ जानवरों के नाम लिखिए, जो – (समझना)

तैरते हैं।	उड़ते हैं।	चलते हैं।	रेंगते हैं।

9. नीचे कुछ जानवरों के नाम दिये गये हैं। इनको छोटे से बड़े के क्रम लिखिए। (विश्लेषण)

1. खरगोश, 2. चूहा, 3. हाथी, 4. गाय, 5. शेर, 6. गधा, 7. घोड़ा, 8. सियार, 9. बकरी

छोटे से बड़े क्रम में : .....

.....

10. समूह में से अलग मुर्गे एवं भेड़ पर घेरा लगाइए। (विश्लेषण)



11. अपने घरों व आस–पास स्थानों को किस तरह साफ व स्वच्छ रखा जा सकता है ? इसके लिए जानकारी एकत्रित करने के लिए 5 से 6 प्रश्नावली तैयार कीजिए। (समझना)

.....

शिक्षक टिप्पणी .....

.....

.....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर दिनांक : .....

4

योगात्मक आकलन हेतु मौखिक गतिविधि आकलन टूल नमूना पत्रक

गतिविधि आधारित आकलन

गतिविधि–1 : आपस में बातचीत करके अपने आप–पास के पेड़–पौधों की सूची बनाइए। (समझना)

गतिविधि–2 : शिक्षक बच्चों के साथ मिलकर कक्षा 3 पाठ 5 पेज 30 पर दी गई कविता या पेड़–पौधों से संबंधित अन्य कविता का सस्वर गायन करे। तत्पश्चात निम्न प्रश्नों पर चर्चा कीजिए। (बच्चों को भी सुनाने के लिए प्रेरित करे) (समझना)

(क) हमारे आस–पास कौन–कौन से पेड़–पौधें हैं ?

(ख) चारों ओर हरियाली फैलाने के लिए हमको क्या–क्या करना चाहिए ?

(ग) पेड़ों को हरा सोना क्यों कहा गया है ?

(घ) पेड़ वायु को कैसे स्वच्छ बनाते हैं ?

गतिविधि–3 : आस–पास के जानवरों के चित्र कार्ड दिखाकर अभिनय करवाइए। (अनुप्रयोग)

गतिविधि–4 : कक्षा से बाहर ले जाकर बच्चों को पेड़ों की पत्तियों का संकलन करने के लिए कहें। फिर उनको आकार के आधार पर अलग–अलग छाँटिए। (समझना)

गतिविधि–5 : खो–खो, रूमाल झपट्टा, गिल्ली–डण्डा आदि खेलों के नियमों को क्रम से बताइए। (समझना)

गतिविधि–6 : अपने घर या आस–पास के किसी बड़े व्यक्ति से पता करके लिखिए–जब वे छोटे थे तब वे क्या क्या खेल खेलते थे ? (समझना)

गतिविधि–7 : चिकनी मिट्टी से अपने मनपंसद जानवर या पक्षी का मॉडल बनाइए। (रचना करना)

5

योगात्मक आकलन प्रपत्र बनाने हेतु विभिन्न प्रकार की मौखिक गतिविधि एवं लिखित प्रश्नों का संग्रह

प्रस्तावना

आगामी पृष्ठों पर अधिगम क्षेत्रवार एवं कौशलवार प्रश्न दिए गए हैं। इस पूल में दिए गए आइटम से ब्लूप्रिंट के अनुसार उपयुक्त चयन करके आपको योगात्मक आकलन के लिए लिखित प्रश्न पत्र का निर्माण करना है। प्रश्न निर्माण हेतु ब्लूप्रिंट पूर्व में दिए अनुसार निर्धारित किया जा सकता है या पूर्व में निर्धारित ब्लूप्रिंट को काम में लिया जा सकता है। आगे आपको जो भी टूल बनाने होंगे, उनको बनाने में उक्त पूल का सहयोग लिया जा सकता है।

टूल बनाते समय इस बात का ध्यान विशेष रूप से रखना होगा कि प्रत्येक टर्म के लिए जो बुनियादी है उसे आगामी टर्म के पाठ्यक्रम पर काम करने के आधार के रूप में समझा जायेगा। इसलिए शुरूआती जिस भी टर्म में बुनियादी क्षमताएँ आ चुकी हैं, वे आगामी टर्मों में भी दोहराई जायेंगी। राज्य में संचालित स्कीम में यह व्यवस्था इसीलिए की गई है ताकि बच्चों के सीखने में शैक्षणिक अंतर ना रहें।

जो बच्चे अपनी कक्षा के स्तर पर नहीं हैं उन बच्चों के योगात्मक आकलन हेतु बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम उस कक्षा स्तर के आइटम पूल से लेने होंगे जिस स्तर पर अमुक टर्म में बच्चों के साथ काम कराया गया है। नमूने के लिए दिया गया टूल कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं को शामिल करने के विचार पर आधारित है। यदि आपको टूल में नीचे के कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं के आइटम लेने हैं तो आप उस कक्षा स्तर से ले सकते हैं।

इसका तात्पर्य सीधा–सीधा यही हुआ कि कक्षा स्तर के बच्चों का एक टूल होगा तथा कक्षा स्तर से नीचे के बच्चों के लिए अलग–अलग टूल होंगे, जो आप अपनी कक्षा की स्थिति के अनुसार बना सकेंगे।

भाग : अ

1. सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए।

(i) फुटबॉल खेला जाता है– (याद रखना)

(क) हाथों से (ख) बल्ले से (ग) पैरों से (घ) इनमें किसी से नहीं ( )

(ii) सचिन तेन्दुलकर खेलता है– (याद रखना)

(क) क्रिकेट (ख) वालीबॉल (ग) टेबिल टेनिस (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

(iii) दादा–दादी, चाचा–चाची, ताऊ–ताई सभी मिलकर रहते हैं, उस परिवार को कहते है–(याद रखना)

(क) एकल परिवार (ख) संयुक्त परिवार

(ग) एकल व संयुक्त परिवार (घ) कोई नहीं ( )

(iv) माता के भाई को कहते है – (याद रखना)

(क) चाचा (ख) ताऊ (ग) मामा (घ) कोई नहीं ( )

(v) पेड़ों से हमें मिलता है – (याद रखना)

(क) फल (ख) मिट्टी (ग) पत्थर (घ) इनमे से कुछ नहीं ( )

(vi) निम्न में से कौनसा जानवर पालतू नहीं है – (याद रखना)

(क) गाय (ख) कुत्ता (ग) लोमड़ी (घ) गधा ( )

2. खाली स्थान भरिए – (याद रखना)

(क) गाँव में अधिकांश परिवार ..... रूप से रहते हैं।

(ख) मेरे परिवार में आयु के हिसाब से सबसे छोटा ..... है।

(ग) सरसों की पत्तियाँ ..... व फूलों का रंग ..... होता है।

(घ) जंगल का राजा ..... को कहते हैं।

(ङ) बसंत ऋतु से पहले पेड़ों की पत्तियाँ ..... जाती है।

3. कॉलम (अ) को कॉलम (ब) से मिलाइए – (अनुप्रयोग)

कॉलम (अ)
क्रिकेट
कुश्ती
टेनिस
शतरंज

कॉलम (ब)
सानिया मिर्जा
विराट कोहली
विश्वनाथ आनन्द
योगेश्वर

भाग : ब

अवलोकन और दर्ज करना

1. यहाँ नीचे कुछ खेलों के चित्र दिये गये हैं। चित्र पहचान कर उनके नाम लिखिए। (याद रखना)

.....

.....

.....

2. पत्ते के चित्र का सम्बन्धित फल के चित्र से मिलान कीजिए – (अनुप्रयोग)

पत्ते का चित्र

फलों का चित्र



3. नीचे दिनचर्या के कार्य दिये हुए हैं। आप इनको अपनी दिनचर्या के अनुसार क्रम से जमाइए। (याद रखना)

स्नान करना, शौच को जाना, विद्यालय जाना, खाना खाना, बाल संवारना, मंजन करना, खेलना

....

....

4. निम्न फूलों के चित्रों को पहचान कर उनके नाम लिखिए। (याद रखना)

....

5. निम्न जानवरों के चित्रों को पहचान कर उनके नाम लिखिए। (याद रखना)



....



....

....

सम्प्रेषण कौशल

6. आप विद्यालय व घर पर जो खेल खेलते हैं, उनके नाम लिखिए। (याद रखना)

....

7. आप टी.वी पर कौन–कौन से खेलों को देखते हैं? उनके नाम लिखिए। (याद रखना)

....

8. शरीर की साफ–सफाई के लिए आप क्या–क्या करते हैं? उन कामों के नाम लिखिए। (अनुप्रयोग)

....

9. नीचे चित्र में दी गई फल–सब्जियों के नामों की सूची बनाइए। (समझना)

....

....

....

....

10. आपके परिवार में कौन–कौन हैं? उनसे आपका क्या संबंध है और वे क्या–क्या काम करते हैं? इस जानकारी को तालिका में भरिए – (याद रखना)

क्र.स.	परिवार का सदस्य का नाम	आपसे संबंध	क्या काम करते है।

11. नीचे एक खेल का चित्र दिया गया है। उसके बारे में दो–तीन वाक्य लिखिए – (समझना)

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

12. खेलों में कई खेल ऐसे हैं, जिनको दल बनाकर खेला जाता है। आप कौन कौन से खेल दल (समूह) बनाकर खेलते हैं? उनके नाम लिखिए – (याद रखना)

.....

.....

13. उन खेलों के नाम लिखिए, जिनको गेंद से खेला जाता है – (याद रखना)

.....

.....

14. निम्न जानवरों के बारे में तीन–चार वाक्य लिखिए – (समझना)

....

....

15. निम्न जानवरों के बारे में तालिका में दिए गए बिन्दुओं के आधार पर जानकारी लिखिए – (समझना)

जानवर का नाम	भोजन	आवास	पैर	रंग
हाथी				
गाय				
शेर				
बिल्ली				
खरगोश				
लोमड़ी				

वर्गीकरण करना

16. नीचे खेलों के नाम दिये गये हैं। इनको तालिका में छाँट कर लिखिए – (विश्लेषण)

क्रिकेट, पिट्ठू , सतोलिया, चंगा–पो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबिल टेनिस, शतरंज, गुल्ली डण्डा, बॉस्केटबॉल, कैरमबोर्ड, चौपड़, लूडो, साँप सीढ़ी, आँख मिचौनी, रूमाल झपट्टा

घर के अन्दर खेले जाने वाले	घर के बाहर खेले जाने वाले

17. नीचे तालिका में दिये गये खेलों के लिए खिलाड़ियों की संख्या एवं सामग्री की आवश्यकता लिखिए– (समझना)

क्र.स.	खेल का नाम	खिलाड़ियों की संख्या	क्या–क्या सामग्री चाहिए
1	फुटबॉल		
2	शतरंज		
3	कैरमबोर्ड		
4	क्रिकेट		
5	कबड्डी		
6	रूमाल झपट्टा		

18. आप घर, विद्यालय व दोस्तों के साथ कौन–कौन से खेल खेलते हैं, नीचे दी गई तालिका में उन खेलों के नाम लिखिए – (याद रखना)

परिवार के सदस्यों के साथ	दोस्तों के साथ	विद्यालय में

19. आपके परिवार में नीचे लिखे कामों को कौन–कौन करते हैं, लिखिए – (याद रखना)

घर के काम .....

बाहर के काम .....

20. कुछ जानवरों के नाम लिखिए, जो – (समझना)

तैरते हैं।	उड़ते हैं।	चलते हैं।	रेंगते हैं।
....	....	....	....

21. वर्ग पहेली में जानवरों के नाम पर घेरा लगाइए व छाँटकर लिखिए – (विश्लेषण)

ब	क	री	भा	लू
न	शे	कु	त्ता	बा
हि	र	न	गा	घ
बं	द	र	य	मो
व	क	बू	त	र

....

....

....

....

22. नीचे पेड़–पौधों के कुछ भागों के चित्र दिये गये है। इन भागों को क्या कहते हैं? तथा इनके समूह बनाइए और लिखिए। (समझना)

व्याख्या / विश्लेषण

23. नीचे कुछ जानवरों के नाम दिये गये हैं। इनको छोटे से बड़े के क्रम लिखिए – (विश्लेषण)

1. खरगोश, 2. चूहा, 3. हाथी, 4. गाय, 5. शेर, 6. गधा, 7. घोड़ा, 8. सियार, 9. बकरी

छोटे से बड़े क्रम में : .....

.....

24. समूह में जो अलग है उन पर घेरा लगाइए। (विश्लेषण)

(क) निम्न में से जो अलग हो, उस चित्र पर घेरा लगाइए –

(ख) नीचे कुछ नाम दिये गये हैं। इनमें से जो अलग है को क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए –

(क) बरगद (ख) पीपल (ग) नीम (घ) गुलाब ( )

25. समूह में से अलग मुर्गे एवं भेड़ पर घेरा लगाइए – (विश्लेषण)



26. नीचे कुछ जानवरों के चित्र दिये गये हैं। जो अलग है उस पर घेरा लगाइए तथा कारण भी लिखिए। (विश्लेषण)

कारण .....

.....



कारण .....

.....

27. नीचे कुछ पहेलियाँ दी गई हैं, इनके उत्तर लिखिए। (विश्लेषण)

(क) हरी थी मन भरी थी, नौ लाख मोतियों से जड़ी थी।
राजाजी के खेत में , दुपट्टा ओढे खड़ी थी।। .....

(ख) हरी डण्डी लाल कमान, तौबा तौबा करे इंसान।
बताओं क्या है मेरा नाम? .....

28. नीचे दी गई वर्ग पहेली में कुछ पेड़ों के नाम छिपे हुए हैं। इन पर घेरा लगाइए व छांटकर लिखिए। (विश्लेषण)

ब	का	न	झा
र	स	भ	री
ग	फे	ब	खे ज
द	दा	बू	ड़ी
पी	प	ल	12

....

29. चित्र में छिपे हुए जानवरों को पहचान कर उनके नाम लिखिए – (विश्लेषण)

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....
6. .....
7. .....
8. .....

प्रश्न करना

30. अपने दोस्त के परिवार के बारे में जानने के लिए 5 से 6 प्रश्नों के प्रश्नावली तैयार कीजिए – (समझना)

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

31. अपने विद्यालय/आस–पास में रहने वाले किसी खिलाड़ी के बारे में जानने के लिए 5–6 प्रश्नावली तैयार कीजिए – (समझना)

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

गतिविधि आधारित आकलन के लिए प्रश्नावली

अवलोकन और दर्ज करना

32. उपसमूह में/व्यक्तिगत रूप से वंशवृक्ष बनाकर कक्षा में लगाइए।

33. उपसमूहों में आपके दोस्तों के परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी एकत्रित कर तालिका में दर्ज़ कीजिए –

आकलन के मुख्य क्षेत्र	उप सूचक	अन्य क्षेत्र व कौशल
अवलोकन और दर्ज करना	सभी उप सूचक	संप्रेषण कौशल, एक दूसरे के कार्यों का सम्मान एवं गुणों की प्रशंसा करना

34. बच्चों को विद्यालय/कक्षा में कोई खेल खिला कर उस पर चर्चा करें तथा निम्नलिखित प्रश्नों की उपसमूह में चर्चा करके उत्तर लिखिए –

(क) खेल के क्या–क्या नियम थे ?

(ख) किस–किस ने नियम तोड़े और किसने नहीं तोड़ें ?

(ग) इस खेल में और भी कोई नियम बनाये जा सकते हैं ?

(घ) खेल के फायदों पर भी चर्चा कीजिए।

35. उपसमूह में अपने आस–पास खेले जाने वाले खेलों की सूची बनाइए। किसी एक या दो खेलों के नियमों पर भी चर्चा कर चित्र बनाइए या लिखिए।

36. आपस में बातचीत करके अपने आस–पास के पेड़–पौधों की सूची बनाइए।

सम्प्रेषण कौशल

आकलन के मुख्य क्षेत्र	उप सूचक	अन्य क्षेत्र व कौशल
सम्प्रेषण	सभी उपसूचक	अवलोकन और दर्ज करना एक दूसरे के कार्यों का सम्मान एवं गुणों की प्रशंसा करना

37. ''खेल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।'' कैसे? इस पर बच्चों के साथ शिक्षक सामूहिक चर्चा कीजिए।

38. शिक्षक बच्चों के साथ मिलकर कक्षा 3 पाठ 5 पेज 30 पर दी गई कविता या पेड़–पौधों से संबंधित अन्य कविता का सस्वर गायन करवाएँ। तत्पश्चात निम्न प्रश्नों पर चर्चा करें। (बच्चों को भी सुनाने के लिए प्रेरित करें)

(क) हमारे आस–पास कौन कौन से पेड़ हैं ?

(ख) चारों ओर हरियाली फैलाने के लिए हमको क्या–क्या करना चाहिए ?

(ग) पेड़ों को हरा सोना क्यों कहा गया है ?

(घ) पेड़ वायु को कैसे स्वच्छ बनाते हैं ?

39. खेलों के चित्रों पर निम्न बिन्दुओं को लेकर आपस में चर्चा कीजिए –



(क) यहाँ पर कौन कौन से खेलों के चित्र है ?

(ख) आपको इनमें से कौनसा खेल अधिक पंसद है ?

(ग) क्या इन सभी खेलों को लड़कियाँ भी खेल सकती हैं ?

(घ) आपके विद्यालय में इनमें से कौन–कौन से खेल खेले जाते हैं ?

(ङ) शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल क्यों आवश्यक हैं ?

40. बच्चों से परिवार के सदस्यों के कामों पर बातचीत कीजिए।

41. जंगल का चित्र दिखा कर बच्चों से निम्न प्रश्नों पर बातचीत कीजिए –

(क) इस चित्र में आपको क्या–क्या दिखाई दे रहा है ? बोर्ड पर सूची बनवाना।

(ख) चित्र में दिखाई दे रही चीजें हमारे क्या–क्या काम आती हैं ?

42. बच्चों को पेड़ों के चित्र कार्ड देकर उन पर उपसमूह में चर्चा करके नाम, उपयोगिता पर उनके विचार लिखवाइए।

43. जानवरों के चित्र कार्ड दिखाकर अभिनय करवाइए।

44. सार्वजनिक पार्क की साफ–सफाई किस तरह की जाए, इस पर उपसमूह में चर्चा कीजिए।

वर्गीकरण करना

45. स्थानीय खेल जैसे– पिट्ठू, सतोलिया, चंगा–पो, कबड्डी आदि की सूची बनाइए और उसे मैदान में खेलने वाले व कमरे में बैठकर खेलने वाले खेल के आधार पर वर्गीकृत कीजिए।

46. जानवरों के चित्र चार्ट की मदद से उनको पालतू व जंगली जानवर के रूप में अलग–अलग छाँटिए।

47. कक्षा से बाहर ले जाकर बच्चों को पेड़ों की पत्तियों का संकलन करने के लिए कहें। फिर उनको आकार के आधार पर अलग–अलग छाँटिए।

प्रश्न करना

48. आपके विद्यालय में खेलों के लिए कितने कालांश निर्धारित किये हुए हैं ? इसकी जानकारी एकत्रित कर अपनी कॉपी में लिखिए।

49. अपने घर या आस पास के किसी बड़े व्यक्ति से पता करें– जब वे छोटे थे तब वे कौन–कौन से खेल खेलते थे ?

प्रयोग

50. चिकनी मिट्टी से अपने मनपंसद जानवर या पक्षी का मॉडल बनाइए।

51. पत्तियों का संकलन करके किसी परिचित वस्तु की आकृति का कोलाज तैयार कीजिए।

मौखिक प्रश्न

52. पौधा जब बड़ा पेड़ बन जाता है तब उसमें क्या–क्या बदलाव आ जाता है? बताइए।

53. पेड़ों पर कई प्रकार के गीत लिखे गये हैं। आप भी किसी पेड़ पर तीन–चार पंक्ति की कविता सुनाइए।

54. संयुक्त परिवार में कौन–कौन शामिल होते हैं ?

55. एकल परिवार किसे कहते हैं ?

56. खो–खो रूमाल झपट्टा, गिल्ली–डण्डा आदि खेलों के नियमों को क्रम से बताइए।

भाग : अ

1. **सही क्रमाक्षर को कोष्ठक में लिखिए –** **(याद रखना)**

   (i) इन्द्रधनुष दिखाई देता है।

   (क) सर्दी में (ख) गर्मी में (ग) बसंत ऋतु में (घ) बरसात में ( )

   (ii) निम्न में से कौनसा पानी का स्रोत नहीं है –

   (क) तालाब (ख) कुआँ (ग) पहाड़ (घ) झरना ( )

2. **रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –** **(याद रखना)**

   (क) इन्द्र राजा ..... दे। (पानी / धन)

   (ख) पानी सदैव ..... पीना चाहिए। (खींचकर / छानकर)

3. **निम्न वाक्यों में से जो सही है, उस पर (✓) चिन्ह लगाइए –** **(याद रखना)**

   (क) पानी को बचाने से कोई लाभ नहीं है। ( )

   (ख) पानी को छान कर पीना चाहिए। ( )

   (ग) पानी की कमी होती जा रही है। ( )

4. **सुमेल कीजिए।** **(समझना)**

कॉलम अ
झरना
हैजा
इन्द्र धनुष

कॉलम ब
बरसात
पानी का स्रोत
गंदा पानी पीना

भाग : ब

अवलोकन और दर्ज करना

1. **निम्न जल स्त्रोतों को पहचानकर उनके नाम लिखिए।** **(याद रखना)**

.....

.....

.....

.....

.....

.....

2. चित्रों का शुद्धिकरण की सही प्रक्रिया से मिलान कीजिए – (समझना)

छानना फिल्टर करना फिटकरी डालना उबालना

3. चित्र में पानी का दुरूपयोग किन–किन तरीके से हो रहा है, लिखिए। (याद रखना)

....

सम्प्रेषण कौशल

4. जल के अशुद्ध होने के कारण लिखिए। (कोई तीन) (समझना)

.....

.....

.....

5. आपके दैनिक जीवन में जल किन–किन कार्यो में काम आता हैं लिखिए। (कोई चार) (समझना)

.....

.....

.....

.....

6. दिए गये चित्रों में क्या हो रहा है समझकर अपने विचार लिखिए। (2 से 3 पंक्ति में) (समझना)

.....

.....

.....

.....

.....



वर्गीकरण करना

7. निम्न कार्यों/गतिविधियों को तालिका के आधार पर छाँटकर लिखिए – (विश्लेषण)

(क) लिखने में (ख) पौधा लगाने में (ग) चाय बनाने में (घ) तैरने में (ङ) आटा लगाने में
(च) दौड़ने में (छ) खाना बनाने में (ज) झाड़ू लगाने में (झ) नहाने में (ञ) चित्र बनाने में

जिसमें पानी की आवश्यकता होती है	जिसमें पानी की आवश्यकता नहीं होती है

8. वर्ग पहेली में जल स्रोत के नाम पहचान कर घेरा लगाइए व छाँटकर लिखिए। (विश्लेषण)

न	दी	झ	र	ना
ल	कुँ	आ	बा	व
झी	टां	का	व	त
ल	ब	र्फ	डी	ला
बा	रि	श	ज	ब

1. ..... 2. ..... 3. .....

4. ..... 5. ..... 6. .....

7. ..... 8. ..... 9. .....

व्याख्या–विश्लेषण

9. निम्न में से अलग पर घेरा लगाइए व कारण लिखिए – (विश्लेषण)

(अ) तालाब (ब) नदी (स) नल (द) झरना

कारण .....

(अ) लोटा (ब) गिलास (स) भगोना (द) प्लेट

कारण .....

10. निम्न बर्तनों को जल की मात्रा (धारिता) के आधार पर बढ़ते क्रम में लिखिए। (समझना)

(अ) मटका (ब) चम्मच (स) कप (द) मग

1. ..... 2. ..... 3. ..... 4. .....

प्रश्न करना

11. अपने साथी से उसके दैनिक जीवन में पानी की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु 4–5 प्रश्न बनाइये। (समझना)

गतिविधि आधारित आकलन के लिए प्रश्नावली

अवलोकन और दर्ज करना

आकलन के मुख्य क्षेत्र	उप सूचक	अन्य क्षेत्र व कौशल
अवलोकन और दर्ज करना	सभी उपसूचक	संप्रेषण कौशल, एक दूसरे के कार्यों का सम्मान एवं गुणों की प्रशंसा करना



12. बच्चों के साथ अपने आस–पास के जल–स्रोतों पर बातचीत कर, उनकी सूची बनवाइए।

13. उपसमूह में निम्न चित्र पर बातचीत कीजिए।

(क) चित्र किस समय का है ?

(ख) चित्र में क्या–क्या दिखाई दे रहा हैं ?

(ग) चित्र में क्या–क्या काम हो रहा है ?

(घ) एक–दूसरे की मदद किस प्रकार की जा रही है ?

14. चित्र की मदद से जल के दुरूपयोग एवं उसे रोकने के सन्दर्भ में चर्चा कीजिए।

सम्प्रेषण कौशल

15. उपसमूह में जल के विभिन्न उपयोग पर बातचीत करके सूचि तैयार कीजिए।

16. पानी की बचत के संदेश देने हेतु चित्र उपसमूह में तैयार कीजिए।

17. पानी को शुद्ध करने के विभिन्न तरीकों पर उपसमूह में बातचीत करके लिखिए/चित्र बनाइए।

प्रयोग करना

18. निम्नलिखित में से कौन–कौन सी वस्तुएँ पानी में डूबेंगी व कौन सी वस्तुएँ परानी में तैरेंगी प्रयोग करके देखिए।

    कील, कंकड़, साबुन का टुकड़ा, प्लास्टिक बॉल, रबड़ बॉल, चॉक आदि।

19. फिटकरी द्वारा पानी साफ करने की क्रिया शिक्षक कक्षा में करके बताइए।

प्रश्न करना

20. आपके परिवार में पानी को पीने से पहले कैसे शुद्ध करते हैं ? पूछकर लिखिए।

21. अपने घर के बुजुर्गों से निम्न प्रश्नों के उत्तर पता करके लिखिए –

    (अ) उनके बचपन में पानी के स्रोत।

    (ब) यदि कुँआ/हैडपम्प था तो वे घर से कितने दूर थे।

    (स) अक्सर पानी भरने का कार्य कौन करते थे।

    इस जानकारी को कक्षा अध्यापक के साथ शेयर करें।

22. आपके विद्यालय में जल का संग्रहण कैसे करते है अध्यापक से पता करके लिखिए।

मौखिक प्रश्न

23. पानी के दो स्रोतों के नाम बताइए।

24. पानी को शुद्ध करने के कोई दो या तीन तरीके बताइए।

25. पानी के कोई तीन या चार उपयोग बताइए।

26. पानी से संबंधित कोई गीत/कविता सुनाइए।

भाग : अ

1. सही उत्तर का क्रमांक कोष्ठक में लिखिए – (याद रखना)

(क) निम्न में से कौनसा खाना पकाने का ईंधन नहीं है –

(अ) मिट्टी (ब) गैस (स) लकड़ी (द) केरोसीन ( )

(ख) इनमें से कौनसा अनाज नहीं है–

(अ) बाजरा (ब) मक्का (स) उड़द (द) गेहूँ ( )

(ग) खाना जिसे पकाने में जल का उपयोग नहीं होता है –

(अ) हलवा (ब) पकौड़ी (स) बेसन के लड्डू (द) कचौड़ी ( )

2. खाना बनाने के चूल्हों के चित्र निम्नांकित है। उन्हें पहचानिए। इनमें कौनसा ईंधन काम में आता है? लिखे हुए ईंधनों को उनके चूल्हों से मिलाइए – (समझना)



भाग : ब

अधिगम क्षेत्र : अवलोकन और दर्ज करना

1. चावल पकाने के चरणों को क्रमबद्धता से पुनः लिखिए – (याद रखना)

(क) चावल का उबलना (ख) चावल का छोंक लगाना

(ग) चावल का पानी में भिगोना (घ) चावल का पकना

(क) ..... (ख) .....

(ग) ..... (घ) .....

2. आपके घर में निम्न चीजों से क्या–क्या बनाते हैं? (समझना)





3. दी गई वस्तुएँ किससे बनी हैं एवं इनका हमारे जीवन में क्या उपयोग है? तालिका में लिखिए। (समझना)

क्रं.स.	बर्तन या वस्तु का नाम	किस चीज की बनी है।	उपयोग
1	तवा		
2	चकला		
3	बेलन		
4	बाल्टी		
5	घड़ा		
6	खुरपा		
7	कटोरी		
8	कप		
9	दर्पण		
10	कंघा		

4. नीचे दिए गए तरीकों से आपके घर में क्या–क्या बनता है ? लिखिए। (समझना)

तल कर ....

सेंक कर ....

उबाल कर ....

छौंक कर ....

भून कर ....

सम्प्रेषण कौशल

5. भोजन करने से पहले और भोजन के पश्चात् हमको किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? (अनुप्रयोग)

.....

.....

.....

6. दक्षिण भारत एवं उत्तरी भारत के क्षेत्र में क्या–क्या भोजन सामग्री बनती है? किन्हीं 3 सामग्री के नाम लिखिए। (याद रखना)

(क) दक्षिण भारत .....

(ख) उत्तरी भारत .....

7. घर पर मेहमान आने पर आप उनके लिए शरबत कैसे बनाएंगे? (समझना)

.....

8. आप उन दो भोजन की वस्तुओं के नाम लिखिए जिन्हें आप पसंद नहीं करते हैं। कारण भी लिखिए। (समझना)

.....

9. होली एवं दीपावली में आपके घर पर बनाए जाने वाले पकवानों की सूची बनाइए। (याद रखना)

.....

वर्गीकरण करना

10. नीचे खाने की कुछ चीजें दी गई हैं, उनको तालिका में अलग–अलग छाँटकर लिखिए। (समझना)

खीर, हलुआ, रोटी, ककड़ी, टमाटर, मूली, दलिया, चावल, दाल, गाजर, केला, आम, पपीता, आंवला, खिचड़ी, मूँगफली

पका कर खाई जाने वाली	कच्ची खाई जाने वाली	कच्ची व पका कर दोनों तरह से खाई जाने वाली

11. नीचे टोकरी के नामों को पढ़कर उन्हें सही टोकरी से मिलाइए – (समझना)

व्याख्या / विश्लेषण

12. आपके विद्यालय में पोषाहार पकाने के लिए किस प्रकार के ईंधन का उपयोग किया जाता है, और क्यों?

.....

(समझना)

.....

13. किसी पर्व व त्यौहार पर घर में विशेष पकवान बनाए जाते हैं। आपके विचार से पकवान क्यों बनाए जाते होंगे? (विश्लेषण)

.....

.....

14. निम्नलिखित समूह में से जो अलग शब्द है, उस पर घेरा लगाइए और कारण भी लिखिए– (समझना)

(क) पालक अदरक आलू मूंगफली

कारण .....

(ख) चना बाजरा मूंग उड़द

कारण .....

15. खीर बनाने में किस चीज का उपयोग नहीं किया जाता, क्यों ? (समझना)

चावल दूध दही चीनी

कारण .....

प्रश्न करना

16. हलवाई कई प्रकार के पकवान बनाता हैं। जैसे जलेबी, लड्डू आदि। इन में से किसी एक के बनाने से संबधित जानकारी जुटाने के लिए 3 से 5 प्रश्न बनाइए – (समझना)

.....

17. अपनी माता से खिचड़ी/रोटी/सब्जी बनाने की प्रक्रिया को जानने के लिए प्रश्न बनाइए – (समझना)

.....

18. बाज़ार में ज्यूस/फल बेचने वाले दुकानदार से उनके कार्य के बारे में जानकारी जुटाने के लिए प्रश्न बनाइए – (समझना)

.....

मौखिक प्रश्न

19. हमारे परिवेश में मुख्य रुप से भोजन में चूरमा बनाया जाता है। उसमें मुख्यतः क्या–क्या सामग्री डाली जाती है ?

20. दूध से कई प्रकार की चीजें बनती हैं। आपके घर में दूध से क्या–क्या बनाते हैं? किन्ही 4–5 का बताइए।

21. मिड डे मील को परोसते समय क्या–क्या बातें ध्यान रखना चाहिए ?

22. मक्का से बनने वाली कोई तीन भोजन सामग्री के नाम बताइए।

23. कौन–कौन से पेड़/पौधे हं, जिनसे हमें खाने के लिए फल प्राप्त होते हैं, किन्ही 4–5 का नाम बताइए।

24. आपको खाने में क्या–क्या पसंद/नापसंद है ? उनके नाम बताइए।

25. आलू को हम तल कर व उबाल कर दोनों ही तरह से खा सकते हैं। इसी प्रकार अन्य कोई तीन चीजों के नाम बताए जिनको दोनों ही तरह से खा सकते हैं।

26. हमें खाना खाने से पहले व बाद में हाथ क्यों धोना चाहिए ?

27. राजस्थान के अलग–अलग जिलों/स्थानों पर अलग–अलग प्रकार का भोजन क्यों बनता होगा ?

28. खाना बनाते समय क्या–क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए ?

गतिविधि आधारित आकलन के लिए प्रश्नावली

अवलोकन और दर्ज करना

आकलन के मुख्य क्षेत्र	उप सूचक	अन्य क्षेत्र व कौशल
अवलोकन और दर्ज करना	सभी उपसूचक	संप्रेषण कौशल, एक दूसरे के कार्यों का सम्मान एवं गुणों की प्रशंसा करना

29. दिये गये बर्तनों के चित्र पर बातचीत कर उनमें से खाना बनाने में काम आने वाले तथा खाना खाने में काम आने वाले बर्तनों को तालिका में लिखिए–

30. उपसमूह में दिए गए चित्र पर बातचीत करते हुए पेड़–पौधों से मिलने वाली वस्तुओं की सूची तैयार कीजिए।

31. शिकंजी, चाय, रोटी, चूरमा आदि बनाने की विधि के चरणों के कार्ड बनाकर उपसमूहों में रख देवें तथा उपसमूहों से उनके चरणों के सही क्रम को कार्ड शीट पर लगा कर प्रस्तुतीकरण करवाएँ।

संप्रेषण कौशल

आकलन के मुख्य क्षेत्र	उप सूचक	अन्य क्षेत्र व कौशल
संप्रेषण कौशल	सभी उपसूचक	अवलोकन और दर्ज करना, न्याय व समता के प्रति सरोकार, एक दूसरे के कार्यों का सम्मान एवं गुणों की प्रशंसा करना

32. भोजन बनाने/खाने के किन्हीं दो बर्तनों के चित्र बनाइए।

33. उप समूह में बातचीत करके दोस्तों से उनके घर पर बनाए गए भोजन की सूची तैयार करना।

क्र.सं.	दोस्त का नाम	घर पर बनाया गया भोजन

34. सामूहिक/मिड–डे–मील में बचे हुए भोजन का क्या करना चाहिए? इस पर समूह में चर्चा करके सुझाव बताइए।

35. निम्नांकित दोनों चित्रों पर तुलना करके बताइए आपको कौन से परिवार की व्यवस्था ठीक लगती है क्यों?

वर्गीकरण करना

आकलन के मुख्य क्षेत्र	उप सूचक	अन्य क्षेत्र व कौशल
वर्गीकरण करना	सभी उपसूचक	संप्रेषण कौशल, एक दूसरे के कार्यों का सम्मान एवं गुणों की प्रशंसा करना

36. उप समूह में चित्र कार्ड के माध्यम से कच्चा एवं पकाकर खाने वाली वस्तुओं को अलग–अलग करवाना।

37. एक टेबिल पर कुछ खाद्य पदार्थों (दालें, अनाज, मसाले आदि) को रखकर उनको कोई नम्बर दीजिए उसी तरह बच्चों को भी नम्बर दीजिए। जिस नम्बर को बोला जाए उसी नम्बर का बच्चा आकर उसी क्रमांक के खाद्य पदार्थ को उठाकर (दाल, मसालें, अनाज व तिलहन) अलग–अलग टोकरी में रखें।

38. दाल–मसाले, अनाज व तिलहन के नामों की बच्चों की संख्या के अनुसार पर्चियाँ बना लें। इन पर्चियों पर लिखे नामों से रूमाल–झपट्टा नामक खेल खिला सकते हैं।

प्रश्न करना

आकलन के मुख्य क्षेत्र	उप सूचक	अन्य क्षेत्र व कौशल
प्रश्न करना	सभी उपसूचक	संप्रेषण कौशल, एक दूसरे के कार्यों का सम्मान एवं गुणों की प्रशंसा करना

39. अपने दोस्त से भोजन की जानकारी प्राप्त करने के लिए आप क्या–क्या प्रश्न पूछेंगे ? कोई पाँच प्रश्न बताइए।

40. उपसमूहों में प्रश्नावली तैयार कर मिड–डे–मील बनाने वाले से जानकारी प्राप्त करने का कार्य करें।

41. उपसमूह में खेती संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए एक प्रश्नावली तैयार कीजिए। अपने घर के बड़े बुजुर्ग से इसके बारे में पता कीजिए।

प्रयोग करना।

42. कक्षा में नींबू की शिकंजी बनवाने का कार्य कीजिए तथा उसके चरणों को लिखिए।

43. चिकनी मिट्टी से भोजन पकाने एवं परोसने वाले बर्तनों को तैयार करवाना।

आकलन क्षेत्र : अवलोकन और दर्ज करना

1. महान व्यक्तियों के चित्रों को देखकर नाम लिखिए – (याद रखना)

....

2. हमारे विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस ..... को मनाया जाता है। (याद रखना)

आकलन क्षेत्र : सम्प्रेषण कौशल

3. हम अपने घर में कौन–कौनसे त्यौहार मनाते हैं, उनके नाम लिखिए – (याद रखना)
4. आपके घर में कई त्योहार मनाए जाते हैं किसी एक त्योहार के बारे में एक से दो वाक्य लिखिए– (याद रखना)
5. आप अपने विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व कैसे मनाते हैं? (याद रखना)

आकलन क्षेत्र : वर्गीकरण करना

